**Seventeenth Loksabha**

>

Title: Request to supply sufficient quantity of DAP and urea to the farmers in Supaul Parliamentary Constituency in Bihar.

**श्री दिलेश्वर कामैत** (**सुपौल**): महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र सुपौल में डीएपी खाद एवं अन्य खादों की काफी किल्लत है । रबी खेती के लिए खाद नहीं मिल पा रही है, इसके फलस्वरूप खेती में काफी विलम्ब हो रहा है । किसान त्राहिमाम कर रहा है । मेरे संसदीय क्षेत्र सुपौल में डीएपी खाद की खेती के लिए 16000 मीट्रिक टन की आवश्यकता है । उसमें से अभी तक मात्र 3450 मीट्रिक टन ही खाद उपलब्ध हुई है । खाद की किल्लत पूरे बिहार राज्य में है ।

अतः मैं सदन के माध्यम से भारत सरकार से अनुरोध करता हूं कि किसानों को अतिशीघ्र डीएपी खाद एवं अन्य उर्वरक उपलब्ध कराया जाए, जिससे किसान सुगम रूप से खेती कर सकें तथा उत्पादन को बढ़ा सकें । धन्यवाद ।...(व्यवधान)